राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

(उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An autonomous organization under the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

दिनाक: 27.03.2020

विषय: राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी मई -2020 का स्थगन।

कोविड-19 महामारी के कारण अभिभावकों और छात्रों को हो रही परेशानियों के मददेनज़र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने आगामी 3 मई 2020 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी)-2020 परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

हमें आशा है कि हम अपेक्षाकृत शीघ्र ही सामान्य स्थिति में पुनः वापिस आ जाएंगे; परन्तु वर्तमान स्थिति को देखते हुए, विभिन्न संबंधित मंत्रालय और परीक्षा बोर्ड उस स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए परिदृश्य की जांच कर रहे हैं जिससे समय-सारणी में कोई परिवर्तन आवश्यक हो सकता है। फ़िलहाल, यह परीक्षा मई 2020 के अंतिम सप्ताह में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। स्थिति का आकलन करने के पश्चात ही उचित तिथि की घोषणा की जाएगी।
तदनुसार, 27 मार्च 2020 को जारी होने वाले परीक्षा प्रवेश पत्र अब केवल 15 अप्रैल 2020 के बाद स्थिति का आकलन करने के पश्चात ही जारी किए जाएंगे।

हम यह जानते हैं कि अकादमिक/ शैक्षिक कैलेंडर और समय-सारणी महत्वपूर्ण है, परन्तु साथ ही प्रत्येक नागरिक जिनमें छात्र भी सम्मिलित हैं, का जीवन भी महत्वपूर्ण है।

एनटीए छात्रों एवं अभिभावकों से आशा करता है कि वे परीक्षा के विषय में चिंता न करें। इसके अतिरिक्त माता-पिता से अनुरोध किया जाता है, कि वे युवा छात्रों का परीक्षा की तैयारी में इस समय का उपयोग करने में सहायता करें और अधिगम अंतरालों, यदि कोई हो तो, पढ़ने की अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित करें। एनटीए छात्रों को नवीनतम जानकारियों के विषय में अद्यतन रखेगा और समय - समय पर परिवर्तनों के विषय में सूचित करेगा।

अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारियां प्राप्त करने के लिए ntaneet.nic.in और www.nta.ac. पर जाएं। उन्हें व्यक्तिगत रूप से उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर / ईमेल-आईडी के माध्यम से से भी सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए **8287471852**, **8178359845**, **9650173668**, **9599676953**, **8882356803** पर भी संपर्क कर सकते हैं।

डॉ. विनीत जोशी
(महानिदेशक)

Block C-20,1A/8, Sector 62, IITK Outreach Centre,
Gautam Buddh Nagar, Noida-201309, Uttar Pradesh (India)
Email: neet@nta.ac.in
Tele: 0120-6895200